# यात्रा के दौरान मलेरिया की रोकथाम की दवाएं एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल (Malarone™)

## एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल क्या है?

एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल दो दवाओं, एटोवाक्वोन और प्रोगुआनिल का एक अकेली टेबलेट में मौजूद संयोजन है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में केवल प्रिस्क्रिप्शन (डॉक्टर के पर्चे) द्वारा ही उपलब्ध है। इसे Malarone ब्रांड नाम के तहत बेचा जाता है और इसे जेनेरिक दवा (बिना ब्रांड नाम के बिकने वाली दवा) के रूप में भी दो आकारों में बेचा जाता है:

वयस्कों की टेबलेट: 250 मिग्रा एटोवाक्वोन एवं 100 मिग्रा प्रोगुआनिल

बच्चों की टेबलेट: 62.5 मिग्रा एटोवाक्वोन एवं 25 मिग्रा प्रोगुआनिल

एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल को मलेरिया की रोकथाम या उसके उपचार के लिए निर्दिष्ट किया जा सकता है।

यह तथ्य-पत्रक यात्रा से सम्बन्धित मलेरिया संक्रमण की रोकथाम के लिए इसके उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करता है।



## एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल कौन ले सकता है?

एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल को वयस्कों और कम-से-कम 11 पाउंड (5 किग्रा) वज़न वाले बच्चों को निर्दिष्ट किया जा सकता है।

## किसे एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल नहीं लेनी चाहिए?

गर्भवती महिलाओं, 5 किग्रा से कम वज़न वाले नवजात शिशु को स्तनपान करा रही महिलाओं और 5 किग्रा से कम वज़न वाले नवजात शिशुओं को एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल नहीं लेनी चाहिए। साथ ही, गुर्दे की गम्भीर बीमारी से पीड़ित लोगों को भी एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल नहीं लेनी चाहिए।

## मुझे एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल कैसे लेनी चाहिए?

वयस्कों और बच्चों, दोनों को ऐसे क्षेत्र, जहां मलेरिया का संचरण होता है, की यात्रा पर जाने से एक या दो दिन पहले से शुरु करते हुए एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल की एक खुराक रोजाना लेनी चाहिए। उन्हें वहां होने के दौरान रोजाना और वहां से निकलने के बाद लगातार 7 दिनों तक रोजाना एक खुराक लेनी चाहिए। दुर्लभ मामलों में (जैसे कि अगर आपने मलेरिया की कोई अन्य दवा को रोक कर एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल का इस्तेमाल शुरु किया) आपके डॉक्टर आपको ज्यादा लम्बे समय तक इसे लेने का निर्देश दे सकते हैं।

वयस्कों की दैनिक खुराक वयस्कों की एक टेबलेट है।

बच्चों की दैनिक खुराक उनके वज़न पर निर्भर करती है। नीचे दी गई सूची बच्चों के वज़न के आधार पर उनकी दैनिक खुराक दर्शाती है:

5-8 किग्रा वज़न वाले बच्चों को रोजाना बच्चों वाली 1/2 टेबलेट लेनी चाहिए,

> 8-10 किग्रा: बच्चों वाली 3/4 टेबलेट रोज़ाना
> 10-20 किग्रा: बच्चों वाली 1 टेबलेट रोज़ाना
> 20-30 किग्रा: बच्चों वाली 2 टेबलेट रोज़ाना
> 30-40 किग्रा: बच्चों वाली 3 टेबलेट रोज़ाना
> 40 किग्रा: वयस्कों वाली 1 टेबलेट रोज़ाना

एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल को भोजन के साथ या किसी दूध युक्त पेय के साथ लिया जाना चाहिए।


## मैं एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल कहां से खरीद सकती/सकता हूँ?

संयुक्त राज्य अमेरिका में मलेरिया-रोधी दवाएं केवल प्रिस्क्रिप्शन (डॉक्टर के पर्चे) द्वारा ही उपलब्ध हैं। गंतव्य देश में पहुंचकर दवा खरीदने की बजाए यात्रा पर निकलने से पहले ही किसी फार्मेसी से दवाएं खरीद लेनी चाहिए। विदेश में दवाएं खरीदने के अपने जोखिम होते हैं: दवा खराब गुणवत्ता वाली, संदूषित या नकली हो सकती है और ऐसी दवा आपको मलेरिया से सुरक्षा नहीं देगी।

## दुनिया के किन-किन हिस्सों में एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल का इस्तेमाल यात्रियों में मलेरिया की रोकथाम के लिए किया जा सकता है?

वर्तमान में एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल को दुनिया के ऐसे किसी भी हिस्से में लिया जा सकता है, जहां मलेरिया होता है।

सीडीसी दुनिया के ऐसे सभी स्थानों पर नज़र रखता है, जहां मलेरिया का संचरण होता है और इस बात पर भी नज़र रखता है कि ऐसे प्रत्येक स्थान पर मलेरिया की किन-किन दवाओं के इस्तेमाल की सलाह दी जाती है। यह जानकारी सीडीसी वेबसाइट पर मलेरिया मानचित्र का उपयोग करके प्राप्त की जा सकती है: http://www.cdc.gov/malaria/map/index.html।




यह मानचित्र दुनिया के उन हिस्सों का लगभग चित्रण पेश करता है, जहां मलेरिया का संचरण होता है। देश विशेष में मलेरिया का संचरण होने के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी पाने के लिए कृपया इंटरैक्टिव मलेरिया मानचित्र अनुप्रयोग का इस्तेमाल करें।



CS237187-D

# एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल (Malarone™)

मलेरिया एक गम्भीर बीमारी है और यदि इसका तुरन्त उपचार नहीं किया जाए, तो मौत हो सकती है। यह एक परजीवी के कारण होती है, जो इंसानों का खून पीने वाले मच्छर की एक खास किस्म को संक्रमित कर सकता है।

हर वर्ष संयुक्त राज्य अमेरिका में मलेरिया के लगभग 1,500 नए मामलों का पता चलता है, जिनमें से लगभग सभी मामले दुनिया के ऐसे हिस्सों के यात्रियों में होते हैं जहां मलेरिया होता है।

## क्या एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल मेरी अन्य दवाओं के साथ अंत:क्रिया करेगी?

कुछ अन्य दवाएं एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल के साथ अंत:क्रिया कर सकती हैं और आपके लिए दिक्कतें पैदा कर सकती हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जो अन्य दवाएं आप ले रहे हैं, उनके और एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल के बीच कोई अंत:क्रियाएं न हों, उन अन्य दवाओं का मूल्यांकन करने के लिए आपके डॉक्टर उत्तरदायी हैं। कुछ मामलों में, अंत:क्रिया को न्यूनतम करने के लिए दवाओं में बदलाव किए जा सकते हैं। आप अपने फार्मासिस्ट से भी दवाओं की अंत:क्रियाएं जांचने के लिए कह सकते हैं।

मिसाल के तौर पर, खून को पतला करने वाली आम दवा, जिसे कूमैडिन कहते हैं, लेने वाले लोग अगर एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल लेते हैं, तो उनमें रक्तस्राव होने का जोख़िम बढ़ सकता है। कूमैडिन की खुराक को इस प्रकार बदला जा सकता है, जिससे आप दोनों दवाएं सुरक्षित ढंग से ले सकें।

## एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल के सम्भावित दुष्प्रभाव कौन-कौन से हैं?

एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल आसानी से सहन हो जाती है और इसके दुष्प्रभाव दुर्लभ हैं। सबसे आम जिन प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं की सूचना है, वे हैं, पेट में दर्द, उबकाई, उलटियां और सिरदर्द। एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल को भोजन के साथ लेकर इन दुष्प्रभावों को अकसर कम किया जा सकता है।

सभी दवाओं के कुछ दुष्प्रभाव हो सकते हैं। मामूली दुष्प्रभावों, जैसे उबकाई, कभी-कभार उलटी हो जाना या दस्त के मामले में आमतौर पर मलेरिया-रोधी दवा को रोकने की जरूरत नहीं होती है। अगर आप अपनी मलेरिया-रोधी दवा को सहन नहीं कर सकते हों, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें; अन्य मलेरिया-रोधी दवाएं भी उपलब्ध हैं।

## अन्य विचार

- ऐसे यात्रियों के लिए अच्छी है, जिनकी यात्रा की योजना अचानक बनी हो और निकलने में ज्यादा वक्त बाकी न हो, क्योंकि जहां मलेरिया का संचरण होता है उस क्षेत्र की यात्रा पर निकलने से 1-2 दिन पहले इस दवा को शुरू किया जाता है।
- कम समय की यात्रा के लिए अच्छा विकल्प है, क्योंकि आपको यात्रा करने के बाद 4 हफ्तों की बजाए केवल 7 दिनों तक ही दवा लेनी होगी।
- कुछ अन्य विकल्पों की तुलना में अधिक मंहगी है (विशेषकर लम्बी अवधि की यात्रा के लिए)

## एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल का कितने समय तक इस्तेमाल सुरक्षित है?

सीडीसी ने मलेरिया की रोकथाम के लिए एटोवाक्वोन-प्रोगुआनिल के इस्तेमाल पर कोई सीमा निर्धारित नहीं की है। विस्तारित समय तक दवा का इस्तेमाल किए जाने पर नुकसान का कोई प्रमाण नहीं है।

## अधिक जानकारी के लिए:

सीडीसी की मलेरिया वेबसाइट देखें www.cdc.gov/malaria

जिन स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाताओं को मलेरिया के संदिग्ध मामलों की पहचान या प्रबन्धन के लिए मदद चाहिए हो, तो उन्हें सीडीसी मलेरिया हॉटलाइन पर कॉल करना चाहिए: 770-488-7788 या 855-856-4713 नि:शुल्क (सोम-शुक्रवार, सुबह 9 से सांय 5 बजे तक, पूर्वी समय)।

कार्यशील घंटों के बाद आपातकालीन परामर्श, कॉल करें: 770-488-7100 पर और किसी सीडीसी मलेरिया शाखा क्लीनीशियन से बात करने का अनुरोध करें।

## मलेरिया की रोकथाम करें

- मलेरिया-रोधी दवा लें।
- मच्छरों के काटने से बचें।
- अगर आप बीमार पड़ जाएं तो तुरन्त पेशेवर चिकित्सीय देखभाल प्राप्त करें।